Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 191 ▫ रायपुर, सोमवार 3 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

**बाल संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा में चूक**

## खिड़की की ग्रील तोड़कर 8 नाबालिग फरार




**महासमुंद, 3 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जिले के बरोंड़ा बाजार स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से सोमवार तड़के 8 नाबालिग फरार हो गए। सभी करीब 2 से 3 बजे के बीच खिड़की की ग्रील तोड़कर परिसर से भाग निकले. इस घटना के बाद अब संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं. फिलहाल पुलिस संप्रेक्षण गृह से भागे लड़कों की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, फरार हुए सभी नाबालिग पिछले 4 से 5 महीनों के दौरान विभिन्न आपराधिक मामलों में बाल संप्रेक्षण गृह भेजे गए थे। इनमें एक बालक दुष्कर्म, दो चोरी के मामलों में निरुद्ध थे, जबकि अन्य पर एनडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. फरार नाबालिगों का संबंध महासमुंद, सरायपाली, धमतरी और ओडिशा के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बताया जा रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे. पूरे परिसर की जांच की जा रही है। फरार बच्चों की तलाश के लिए पुलिस ने व्यापक सर्च अभियान शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि करीब दो वर्ष पहले भी इसी बाल संप्रेक्षण गृह से बच्चे फरार होने की घटना सामने आई थी। एक बार फिर हुई इस घटना ने संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**दो आरोपियों ने लिफ्ट लेकर की पैसों की मांग**

## नहीं देने पर चाकू मारकर उतारा मौत के घाट

**जांजगीर चाम्पा, 3 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा से हत्या का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां दो आरोपियों ने लिफ्ट लेकर लूट के इरादे से चौकीदार पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने दोनों नाबालिग आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान राजेश सूर्यबंशी के रूप में हुई है, जो कि खोखरा गांव का रहने वाला था और पेशे से चौकीदार था। रविवार रात 10 बजे बाइक सवार राजेश से जांजगीर बड़े नहर पुल के पास दो नाबालिग आरोपियों ने लिफ्ट मांगी और फिर कुछ दूर आगे जाने के बाद उससे पैसों की मांग की। राजेश ने जब पैसे नहीं दिए, तो आरोपियों ने उसपर चाकू से हमला कर दिया। इतना ही नहीं बाइक छोड़कर भाग रहे राजेश को आरोपियों ने दौड़ा-



दौड़ाकर चाकू मारा। घटना के बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने रात में ही आरोपियों को धर दबोचा। साथ ही आगे की कार्रवाई शुरु कर दी।

**सावन का पहला सोमवार**

## शिवालियों में उमड़ी भक्तों की भीड़




**रायपुर, 3 अगस्त (हाईवे चैनल)।** सावन सोमवार के पहले दिन सभी शिवालियों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली बड़ी संख्या में भक्तजन सुबह से ही शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण करने एवं दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे शिवालियों में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगाकर अपनी बारी आने का इंतजार करते हुए नजर आए।

भगवान शिव की भक्ति और आराधना का पवित्र माह सावन चल रहा है. आज सावन का पहला सोमवार है. सुबह से ही शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है. मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं. रायपुर के बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर, भोरमदेव मंदिर और भुतेश्वरनाथ महादेव समेत प्रदेशभर के कोने-कोने में आस्था के उत्सव की तस्वीरें सामने आ रही हैं। राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है. भोलेनाथ के दर्शन के लिए जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा के साथ श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. सुबह 3:30 बजे मंदिर का पाठ खोला गया. हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज रहे हैं. श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना कर रहे हैं. भक्तों की भीड़ बढ़ती चले जाएगी।

## बांकीपुर में पीके ने किया खेला, मांजलपुर में भाजपा आगे; दतिया में कड़ा मुकाबला

**नई दिल्ली, 3 अगस्त (न्यूज चैनल)।** बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आज सामने आ जाएंगे। इसमें बिहार की बांकीपुर सीट पर भाजपा, राजद और जनसुराज के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है, जबकि मध्य प्रदेश की दतिया और गुजरात की मांजलपुर सीट पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। बांकीपुर सीट नितिन नवीन के इस्तीफे, दतिया सीट कांग्रेस विधायक की सदस्यता रद्द होने और मांजलपुर सीट भाजपा विधायक निधन के कारण खाली हुई थीं। दोपहर 2 बजे समाचार लिखे जाने तक बांकीपुर में प्रशांत किशोर ने 14वें राउंड के बाद करीब 8000 वोटों से आगे चल रहे है। मांजलपुर में भाजपा प्रत्याशी 27,448 वोटों से आगे चल रहे है। वहीं दतिया उपचुनाव में कांटे की टक्कर, कांग्रेस आगे चल रहे है।



## महिला पहलवानों के शोषण मामले में बृजभूषण शरण बरी, फैसला पर कहा- आज खुशी का दिन है

**नई दिल्ली, 3 अगस्त (न्यूज चैनल)।** महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को बरी कर दिया है। बृजभूषण शरण सिंह के साथ विनोद तोमर को भी बरी किया गया है। फैसले से पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मैं सिर्फ वही सुनूंगा जो कोर्ट कहेगा। मेरे हाथ में कुछ भी नहीं है। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों ने खेल जगत में भूचाल ला दिया था। यह मामला जनवरी 2023 में तब प्रकाश में आया जब कई शीर्ष महिला पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर बृजभूषण शरण सिंह को पद से हटाने की मांग की।



पहलवानों का आरोप था कि बृजभूषण शरण सिंह ने अपने पद का दुरुपयोग कर कई महिला खिलाड़ियों का यौन शोषण किया है। इन आरोपों में भारतीय कुश्ती महासंघ के कुछ कोचों की संलिप्तता की बात भी कही गई थी। इस गंभीर मामले को लेकर महिला खिलाड़ियों ने आवाज उठाई और न्याय की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ से स्पष्टीकरण मांगा था। इसके बाद, इस मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया। जांच के दौरान, बृजभूषण शरण सिंह को अपने पद से हटना पड़ा और कुश्ती महासंघ का कार्यालय भी उनके आवास से स्थानांतरित कर दिया गया। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। उनकी शिकायतों के आधार पर पुलिस ने पूर्व सांसद के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की थी। 15 जून 2023 को पुलिस ने सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (शील भंग करना), 354ए (यौन टिप्पणी), 354डी (पीछा करना) और 506(1) (आपराधिक धमकी) के तहत अपराध के लिए आरोप पत्र दायर किया था।

## बदायूं में कासगंज-बरेली पैसेंजर ट्रेन के इंजन में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**नई दिल्ली, 3 अगस्त (न्यूज चैनल)।** बदायूं के बिनावर क्षेत्र में सोमवार सुबह कासगंज-बरेली पैसेंजर ट्रेन के इंजन में अचानक आग लग गई। मालगांव हाल्ट स्टेशन के पास हुई इस घटना से ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी और दहशत फैल गई। हालांकि, लोको पायलट की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से बड़ा रेल हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इंजन से धुआं निकलता देख लोको पायलट ने तुरंत स्थिति को भांप लिया। उसने बिना देर किए ट्रेन को रोक दिया और अपनी जान बचाने के लिए इंजन से नीचे कूद गया। देखते ही देखते इंजन से आग की लपटें उठने लगीं, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। समय रहते ट्रेन रुक जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। बोगियों से यात्री नीचे उतर आए। लोको पायलट ने तत्काल रेलवे अधिकारियों को घटना की




सूचना दी। सूचना मिलते ही रेलवे का तकनीकी टीम और संबंधित अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए। प्रारंभिक स्तर पर आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए। इस दौरान ट्रेन में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। यात्रियों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। रेलवे अधिकारियों ने इंजन में आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आग तकनीकी खराबी से लगी। या फिर किसी अन्य कारण से यह हादसा हुआ है।

### ब्रेकिंग न्यूज

## ईरान का नया सुप्रीमों 150 दिन से गायब, सीआईए और मोसाद की तलाश से उठे सवाल

**नई दिल्ली, 3 अगस्त (न्यूज चैनल)।** ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई को लेकर रहस्य लगातार गहराता जा रहा है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पिछले 150 दिनों से उन्होंने न तो किसी से फोन पर बात की है, न लैपटॉप का इस्तेमाल किया है और न ही कोई सार्वजनिक वीडियो या ऑडियो संदेश जारी किया है। इस बीच ऐसी अटकलें भी तेज हैं कि उनकी सुरक्षा को लेकर ईरानी प्रशासन बेहद सतर्क है। ब्रिटेन के अखबार द टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद और अमेरिका की सीआईए कथित तौर पर मोजतबा खामेनेई के ठिकाने का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और न ही संबंधित एजेंसियों ने इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी की है। ईरान के सरकार समर्थक अखबार अल-मशहरी ने दावा किया है कि सुरक्षा कारणों से मोजतबा खामेनेई की कोई ऑडियो रिकॉर्डिंग जारी नहीं की जा रही।




चूहा- सुनती हो, महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपी बृजभूषण शरण सिंह कोर्ट से बरी हो गए।

चुहिया- हां जी, खेलों में राजनीति हावी होने का प्रतिफल है।

## 'आयोजकों की जवाबदेही तय हो': छात्रों के विरोध प्रदर्शन मामले में शीर्ष कोर्ट में याचिका दाखिल

**नई दिल्ली, 3 अगस्त (न्यूज चैनल)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 20 जुलाई के संसद चलो छात्र प्रदर्शन के आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। याचिका में आरोप लगाया गया है कि प्रदर्शन के आयोजकों ने हिंसा के लिए उकसाया। याचिका में यह भी मांग की गई है कि सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र सामग्री पोस्ट करने वाले नाबालिगों को आपराधिक कार्रवाई का सामना कराने के बजाय सामुदायिक सेवा कराई जाए। वकील ने कोर्ट में कहा कि 20 जुलाई के प्रदर्शन के आयोजक सरकार की प्रतिक्रिया के बाद भी भड़काऊ बयान देना जारी रख रहे हैं। वकील ने कोर्ट से कहा, सरकार ने काफी उदार रुख अपनाया है, फिर भी आयोजक आग को भड़का रहे हैं। आयोजक गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं और समाज में कटुता पैदा कर रहे हैं। आयोजकों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। याचिका में 20 जुलाई के प्रदर्शन के बाद दर्ज प्राथमिकियों और गिरफ्तारियों को लेकर एक समान राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग भी की गई है।

## वन विभाग ने जारी किया आदेश, 2024 बैच के प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों को मिली पोस्टिंग

**रायपुर, 3 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने भारतीय वन सेवा 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों की फील्ड ट्रेनिंग के लिए अस्थायी पदस्थापना आदेश जारी कर दिए हैं। प्रशिक्षण के दौरान इन अधिकारियों को प्रदेश के अलग-अलग वनमंडलों में उप वनमंडलाधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभागीय आदेश के अनुसार सभी




अधिकारियों की यह तैनाती प्रशिक्षण अवधि तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान वे संबंधित वनमंडलों में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए वन प्रबंधन और प्रशासनिक कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे।

**इन अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी-** कुनाल मिश्रा (2024 बैच) - उप वनमंडलाधिकारी, अंबिकापुर (वनमंडल सरगुजा), मृगजा जालिंदर यादव (2024 बैच) - उप वनमंडलाधिकारी, कटघोरा (वनमंडल कटघोरा), परख सारडा (2024 बैच) - उप वनमंडलाधिकारी, सुकमा (वनमंडल सुकमा), प्रीति यादव (2024 बैच) - उप वनमंडलाधिकारी, उत्तर नारायणपुर (वनमंडल नारायणपुर), यशस्वी मौर्य (2024 बैच) - उप वनमंडलाधिकारी, राजनांदगांव (वनमंडल राजनांदगांव)।

## भारतमाला घोटाला: 12.78 करोड़ की 62 चल-अचल संपत्तियां अटैच, ईडी ने की बड़ी कार्रवाई

**रायपुर, 3 अगस्त (हाईवे चैनल)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रायपुर जोन ने भारत माला परियोजना के तहत रायपुर-विशाखापट्टनम राष्ट्रीय राजमार्ग के भूमि अधिग्रहण मुआवजा घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत लगभग 12.78 करोड़ रुपये मूल्य की 62 चल एवं अचल संपत्तियां को अस्थायी रूप से अटैच किया है। इसमें 4.69 करोड़ के शेयर और म्यूचुअल फंड निवेश भी शामिल हैं। ईडी की जांच के अनुसार, राजमार्ग के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद कुछ भूमि मालिकों, बिचौलियों और राजस्व अधिकारियों ने मिलीभगत की।

ईडी की जांच के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत अधिसूचना जारी होने के बाद कुछ भूमि मालिकों, बिचौलियों और राजस्व



अधिकारियों ने कथित मिलीभगत से जमीन को छोटे-छोटे हिस्सों में विभाजित किया। बिक्री व उपहार बिक्री समझौते के माध्यम से परिवार के सदस्यों के नाम पर अलग-अलग हिस्से दर्ज कराकर अधिक दर से मुआवजा प्राप्त किया गया। जांच में सबसे बड़ा खुलासा जय प्रकाश गांधी और उनके परिवार को लेकर हुआ। जांच में यह सामने आया कि जय प्रकाश गांधी और उनके परिवार को वास्तविक पात्रता के अनुसार लगभग 56.76 लाख रुपये का मुआवजा मिलना था, लेकिन कथित तौर पर उन्हें 9.83 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ। ईडी का दावा है कि इस प्रक्रिया से करीब 9.27 करोड़ रुपये की अवैध आय उत्पन्न हुई, जिसे बाद में संपत्तियों, शेयरों, म्यूचुअल फंड और अन्य वित्तीय निवेशों में लगाया गया।

इसी मामले में अभिलेखों के आधार पर स्वयं को मृत भूमि स्वामी की दत्तक पुत्री बताकर लगभग 2.13 करोड़ रुपये का मुआवजा प्राप्त करने का आरोप है। ईडी ने बताया कि इस प्रकरण में पहले भी तलाशी अभियान चलाकर 49 लाख रुपये नकद और लगभग 37.13 किलोग्राम चांदी जब्त की गई थी। इसके अलावा कथित भूमि ब्रोकर सिंडिकेट की 23.35 करोड़ रुपये की संपत्तियां पहले ही अटैच की जा चुकी हैं। ताजा कार्रवाई के बाद इस मामले में कुल अटैच संपत्तियों का मूल्य बढ़कर करीब 36.14 करोड़ रुपये हो गया है। जय प्रकाश गांधी और उनके परिवार को वास्तविक पात्रता के अनुसार सिर्फ 56.76 लाख रुपये का मुआवजा मिलना था। लेकिन उन्हें 9.83 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ। इस प्रक्रिया से करीब 9.27 करोड़ रुपये की अवैध आय उत्पन्न हुई। इस काले धन को संपत्तियों, शेयरों, म्यूचुअल फंड और अन्य वित्तीय निवेशों में लगाया गया। एक अन्य मामले में खुद को मृत भूमि स्वामी की दत्तक पुत्री बताकर 2.13 करोड़ रुपये का मुआवजा लेने का भी आरोप है। ईडी ने जय प्रकाश गांधी और 13 अन्य आरोपियों के खिलाफ विशेष पीएमएलए न्यायालय रायपुर में पूरक अभियोजन शिकायत दाखिल की है।

## दिल्ली के स्कूलों को फिर मिली बम की धमकी, पुलिस ने परिसर कराया खाली

**नई दिल्ली, 3 अगस्त (न्यूज चैनल)।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस महकमे में खलबली मची हुई है। पुलिस, दमकल विभाग और बम निरोधक दस्ते तुरंत मौके पर पहुंचे और गहन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस का कहना है कि सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है और परिसर की गहन जांच की जा रही है। अब तक किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस के अनुसार, अलग-अलग स्कूलों को धमकी भरे संदेश मिले, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की टीमों के साथ दमकल विभाग और बम निरोधक दस्ते मौके पर पहुंच गए और स्कूल परिसरों की गहन तलाशी शुरू की गई।



जांच में अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के कई प्रतिष्ठित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए। इन धमकियों के कारण स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।